प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 29.01.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रयागराज महाकुंभ में बीती रात बैरिकेड्स टूटने की वजह से हुए हादसे में 30 लोगों की मौत, करीब 60 लोग घायल : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे पर जताया दु:ख।
2. महाकुंभ में भारी भीड़ के चलते अखाड़ों ने दोपहर बाद किया अमृत स्नान : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफवाहों पर ध्यान न देने का किया आग्रह : कहा– मां गंगा के जिस घाट के करीब हो, वहीं कर लें स्नान।
3. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गन्ने से बनने वाले इथेनॉल खरीद की नई कीमतों और नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन को दी मंजूरी : केन्द्र सरकार के फैसले से गन्ना किसानों में खुशी की लहर। और
4. कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने आज लखनऊ में खादी और ग्रामोद्योग एक्सपो का किया शुभारंभ : कहा– खादी को आधुनिक तकनीकों से जोड़कर युवाओं को किया जा रहा है आकर्षित।

———————

प्रयागराज महाकुंभ में बीतीरात बैरिकेड्स टूटने की वजह से हुए हादसे में तीस लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 60 लोग घायल हो गये। महाकुंभ क्षेत्र के डीआईजी

वैभव कृष्ण ने बताया कि भारी भीड़ के चलते हादसा हुआ। हादसे में जान गंवाने वाले 25 लोगों की पहचान कर ली गई है। बाइट.....

हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने शोक व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। बाइट......

*मैं महाकुंभ में जो दुखद हादसा हुआ है उस हादसे में हमें कुछ पुण्य आत्माओं को खोना पड़ा है, कई लोगों को चोटें भी आई हैं। मैं प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अपने समीप के घाट पर ही स्नान करें। संगम नोज की ओर जाने का प्रयास न करें। उन्होंने सभी से मेला प्रशासन के निर्देशों का पालन करने और अफवाहों पर ध्यान न देने की भी अपील की है। बाइट....

*मेरी अपील है पूरे प्रदेशवासियों से, पूरे देशवासियों से और सभी श्रद्धालुओं से भी, सभी पूज्य संतों से भी कि अफवाह पर कोई ध्यान न दें, संयम से काम लें। यह सब आयोजन सभी लोगों का है, प्रशासन उनकी सेवा के लिए पूरी तत्परता के साथ लगा हुआ है। केंद्र और राज्य सरकार पूरी मजबूती के साथ वहां पर हर प्रकार का सहयोग करने के लिए तत्पर है और जहां पर हैं आप लगभग 15 से 20 किलोमीटर के दायरे में अस्थायी घाट बनाए गए हैं, उसमें कहीं भी वे स्नान कर सकते हैं। आवश्यक नहीं की संगम नोज की तरफ ही आएं।*

मौनी अमावस्या पर स्नान करने के लिए संगमनगरी में कल से श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। इसके मद्देनज़र प्रदेश सरकार ने सात–स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की है। मेला क्षेत्र को नो–व्हीकल और नो वीआईपी जोन घोषित किया गया है। साथ ही राज्य और केंद्रीय पुलिस बल, यातायात पुलिस और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीमों को आपात स्थिति में श्रद्धालुओं की सहायता के लिए तैनात किया गया है।

—————————

प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का  संगम में पवित्र डुबकी लगाने का सिलसिला जारी है। आज शाम 6 बजे तक देश विदेश से आए 6 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया। इसके साथ ही आस्था की डुबकी लगाने वालों की संख्या लगभग 20 करोड़ पहुंच गई है। पेश है एक रिपोर्ट...

*मौनी अमावस्या पर सूर्योदय से पहले से ही संगम के घाटों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ने लगा था। देश विदेश सेआए लाखों श्रद्धालुओं का 144 वर्षों बाद बन रहे त्रिवेणी योग में संगम में पवित्र स्नानजारी है। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए सभी अखाड़ों के साधु संतों ने आजसुबह अमृत स्नान करने के बजाय दोपहर बाद विधिवत स्नान सम्पन्न किया । अमृत स्नानके मौके पर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ में पहुंचे श्रद्धालुओं को सम्मानित करने और उन्हेंधार्मिक और आध्यात्मिक ऊर्जा का माहौल देने के लिए दिन में कई बार हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी कराई।*

*प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।*

<u>होल्डिंग एरिया</u>

मौनी अमावस्या में महाकुंभ नगर में भीड़ के बढ़ते दबाव के मद्देनज़र प्रशासन ने प्रयागराज क आसपास के ज़िलों में होल्डिंग एरिया बनाए हैं। जौनपुर, रायबरेली, मिर्ज़ापुर समेत कई ज़िलों में श्रद्धालुओं के लिए खाने–पीने और शौचालय की व्यवस्था की गई है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से संयम बरतने का आग्रह भी किया है।

———————

रेलवे ने सोशल मीडिया पर चल रही उन अफवाहों का खंडन किया है, जिनमें कहा जा रहा है कि महाकुंभ के लिए कुछ विशेष ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए रेलवे बोर्ड के सूचना एवं प्रसार के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने इन खबरों को प्री तरह से निराधार और भ्रामक बताया। बाइट........

*महाकुंभ के लिए भारतीय रेल द्वारा व्यापक व्यवस्था की गई है। इस महाकुंभ के दौरान भारतीय रेल द्वारा 13 हजार चार सौ से अधिक गाड़ियों का परिचालन किया जा रहा है। कुछ सोशलमीडिया साइट्स पर ऐसी बातें सामने आई है कि रेलवे ने गाड़ियों को कैंसिल किया है, इस बात में सच्चाई नहीं है। भारतीय रेलवे ने जिन गाड़ियों को चलाने कीघोषणा की है उन सारी गाड़ियों का परिचालन किया जा रहा है। जिसमें विशेष गाड़ियांभी शामिल हैं।*

———————

मौनी अमावस्या के अवसर पर आज वाराणसी, अयोध्या, मिर्जापुर कुशीनगर और गोरखपुर समेत कई जिलों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पवित्र नदियों में स्नान किया। कल मध्यरात्रि के बाद से ही श्रद्धालुओं के पवित्र नदियों के तट पर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो आज दिन भर चलता रहा। स्नान के बाद श्रद्धालु विभिन्न मंदिरों में दर्शन पूजन कर रहे हैं। मौनी अमावस्या को देखते हुए सभी तीर्थस्थलों और नदियों के तट पर स्थानीय प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं।

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने 16 हजार 300 करोड़ रुपये के व्यय और सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा 18 हजार करोड़ रुपये के अपेक्षित

निवेश के साथ नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन–एनसीएमएम के शुभारंभ को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही केन्द्रीय कैबिनेट ने गन्ना फीड स्टॉक से इथेनॉल खरीद की कीमत को भी मंजूरी दे दी है। गन्ना फीड स्टॉक में सी–हैवी गुड़, बी–हैवी गुड़ और गन्ने का रस, चीनी और चीनी सिरप शामिल हैं। कैबिनेट ने सी–हैवी गुड़ के लिए 57 रुपये 97 पैसे प्रति लीटर, बी–हैवीगुड़ के लिए 60 रुपये 73 पैसे प्रति लीटर और गन्ने के रस, चीनी और चीनी सिरप के लिए 65 रुपये 61 पैसे प्रति लीटर की कीमत को मंजूरी दी है। केन्द्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कहा कि इथेनॉल मिश्रण ने देश की अर्थव्यवस्था में मदद की है। बाइट.......

*शुगर केन के फील्ड स्टॉक से जो तीन चीजें होती हैं सी हेवी मोलासिस बी हेवी मोलासिस और शुगर, केन जूस, शुगर सिरप और शुगर इन तीनों के प्राइस आज कैबिनेट में अप्रूव किए गए प्रोक्योरमेंट के विशेषकर सी हैवी मोलासिस ऐसा होता है जिसमें से शुगर पूरी तरह से निकल चुकी है शुगर की थोड़ी सी कॉन्टेंट होती है उसका उपयोग जितना एथनॉल बनाने में हो, उतना देश के लिए बेनेफिशियल है, किसानों के लिए बेनेफिशियल है, एनवायरनमेंट के लिए बेनेफिशियल है*

केन्द्रीय मंत्रिमंडल के इस फैसले पर किसानों ने खुशी जताई है। सहारनपुर के किसान सेठपाल सिंह ने इस फैसले के लिये प्रधानमंत्री का आभार जताया। बाइट.....

*आज भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी की अध्यक्षता में कैबिनेट में एथेनॉल के रेट बढ़ाए हैं जो हमारे गन्ना मिलों को एवं गन्ना किसानों को उसके रेट बढ़ने से लाभ होगा और इसके लिए भारत सरकार को धन्यवाद करते हैं जो उनका मंशा है। किसानों की आमदनी बड़े। इसके लिए सरकार का बहुत–बहुत धन्यवाद।*

—————————

<u>वक्फ संशोधन विधेयक</u>

वक्फ संशोधन विधेयक दो हजार चौबीस पर संसद की संयुक्त समिति ने आज मसौदा रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में इकतीस सदस्यीय पैनल के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने कहा कि समिति ने विधेयक से संबंधित चौदह खंडों पर संशोधन को स्वीकार किया है।

—————————

प्रदेश के खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने आज लखनऊ में मंडल स्तरीय खादी एवं ग्रामोद्योग एक्सपो का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री सचान ने कहा कि खादी को आधुनिक तकनीकों से जोड़कर युवा पीढ़ी को आकर्षित किया जा रहा है। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस 15 दिवसीय प्रदर्शनी में 120 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं।

—————————

मौसम विज्ञान विभाग ने कल पूर्वी उत्तर प्रदेश के तराई वाले इलाकों में सुबह और रात के समय घने कोहरे की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार इकतीस जनवरी और एक फरवरी को इन इलाकों में हल्के कोहरे की संभावना है।

——————————